सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-34
18/01/2018

# मानव श्रृंखला में शामिल होकर बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ स्पष्ट संदेश दें :– मुख्यमंत्री

पटना, 18 जनवरी 2018 :– विकास कार्यों की समीक्षा यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सारण जिला के एकमा प्रखंड के वार्ड संख्या– 18 का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान सात निश्चय के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति को देखा। मुख्यमंत्री ने पक्की गली–नाली, हर घर शौचालय, बिजली का कनेक्शन, हर घर नल का जल योजना के बारे में लोगों से जानकारी ली। वार्ड संख्या– 18 के लिए मुख्यमंत्री शहरी पेयजल निश्चय योजना के अंतर्गत हर घर नल का जल के निर्माण कार्य के लिए पंपिंग सेट का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने यहाँ वृक्षारोपण भी किया। गॉव भ्रमण के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में 416 करोड़ रुपए की 331 योजनाओं का रिमोट के माध्यम उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में आप सब इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित हुये हैं, इसके लिए सबसे पहले मैं आप सबको तहे दिल से धन्यवाद देता हूॅ। इस पावन भूमि पर वर्ष 2010 में प्रवास यात्रा के दौरान 14 से 16 फरवरी तक 3 दिन तक मैं यहां रुका था। आज विकास कार्यों की समीक्षा यात्रा के क्रम में दोबारा यहाँ आने का मौका मिला है, मुझे इसकी प्रसन्नता है। मैं इस धरती को नमन करता हूॅ। प्रवास यात्रा के दौरान जो बातें की गईं थीं, उसकी भी समीक्षा की गई। विकास कार्यों का क्रियान्वयन किस तरह से हो रहा है, उसकी भी हमने जमीनी हकीकत देखी। हम जो घोषणा करते हैं, उस पर किस तरह अमल होता है, इन सब चीजों को देखने के लिए निकले हैं। प्रवास यात्रा के दौरान लोकनायक जयप्रकाश जी के गांव, बाबू राम बहादुर सिंह के गांव, न जाने कितनी जगह जाने का मौका मिला, बहुत कुछ काम किया गया है। पक्षी विहार, जहां पक्षियों का जमावड़ा लगता है, उसका भी जीर्णोद्धार कराया गया है। बिजली की समस्या के समाधान के लिए मिनी पावर ग्रिड स्टेशन का निर्माण कराया गया। एकमा ग्रिड की क्षमता 20 मेगावाट है, उसका विस्तारीकरण किया जा रहा है, इसके साथ ही 50 मेगावाट का एक और ग्रिड लगाया जा रहा है, जिसके बाद इसकी क्षमता 100 मेगावाट हो जाएगी। विकास कार्यों की समीक्षा यात्रा के क्रम में जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों की 331 योजनाओं का जिनमें 257 करोड़ रुपए का उद्घाटन एवं 159 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। जिन योजनाओं का शिलान्यास कराया गया है, उसे समय से पूरा कराने का निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय पर काम किया जा रहा है। 4 निश्चय, जिसमें हर घर तक पक्की गली–नाली, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय, इन पर काम किया जा रहा है और चार वर्षों के अंदर काम पूरा कर लिया जायेगा। 2017 के अंत तक हर गांव तक बिजली पहुंच गई है, जो टोले बचे हैं, इस वर्ष के अप्रैल माह तक वहां बिजली पहुंच जाएगी। इस साल के अंत तक हर इच्छुक व्यक्ति को बिजली का कनेक्शन भी मिल जाएगा। ढाई सौ की आबादी वाले गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ दिया गया है, जो टोले बचे रह गए हैं, उनको भी टोला संपर्क निश्चय योजना के तहत पक्की सड़क से जोड़ दिया जाएगा। शौचालय निर्माण एक राष्ट्रीय योजना है, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत बिहार भी इसमें अपना योगदान दे रहा है। अगर खुले में शौच से मुक्ति मिल जाए और पीने का शुद्ध

पानी उपलब्ध हो जाए तो होने वाली 90 प्रतिशत बीमारियों से छुटकारा मिल जाएगा। विकास के काम हो रहे हैं, सड़कों का निर्माण हो रहा है एवं पुल–पुलियों का निर्माण हो रहा है। छपरा–आरा को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण हो गया है। सिंचाई और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काम हो रहा है। शिक्षा एवं कल्याण पर भी काम हो रहे हैं। छपरा मेडिकल कॉलेज का निर्माण होना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हाल ही में तीसरे कृषि रोड मैप का उद्‌घाटन महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी के द्वारा कराया गया। हम सरजमीं पर जाकर विकास कार्यों को देखते हैं, निश्चय यात्रा एवं विकास कार्यों की समीक्षा यात्रा के दौरान लगभग 50 से 55 वार्ड गए, वहां के लोगों से मिले और गांव के लोग प्रसन्न नजर आए। उन्होंने कहा कि हर घर तक नल का जल पहुंचाएंगे, साथ ही जो चापाकल और कुएँ हैं, उनको भी ठीक रखा जाएगा। केंद्र की योजनाएं भी लागू हो जाए और हमलोग भी इन सब कामों को तेजी से करें तो कितना अच्छा होगा। हम योजनाओं को विकेंद्रीकृत तरीके से लागू करना चाहते हैं। केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग से पंचायतों को मिलने वाली राशि के अलावा राज्य सरकार के बजट से पैसा देकर हम इन कामों को 4 साल के अंदर पूरा करेंगे। सभी वार्डों में काम होंगे, परेशान होने की जरूरत नहीं है। हम अपने संसाधनों का इस्तेमाल तार्किक एवं व्यावहारिक तरीके से करना जानते हैं। संसाधनों का सदुपयोग ठीक ढंग से करने की आवश्यकता है। एकमा को अनुमंडल बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रखंड, अनुमंडल, जिला, कमिश्नरी, इन सबके गठन के लिए कैबिनेट की एक कमेटी बनाई गई है, जो एक एक पहलू पर विचार करके अपना निर्णय देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर एक व्यक्ति को बुनियादी नागरिक सुविधाएं दिलाने का हमारा संकल्प है, लक्ष्य है और निश्चय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ–साथ सामाजिक कुरीतियों से छुटकारा मिल जाए तो लोगों को विकास का सही लाभ मिलने लगेगा। हमने महिलाओं की मॉग पर ही 1 अप्रैल 2016 से शराबबंदी लागू की, इससे समाज, शहर और कस्बों में शांति का वातावरण है। अब शराबबंदी के बाद हुई बचत से लोग अपने परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से कर रहे हैं लेकिन दो नंबरी लोग अब भी इस गलत धंधे में लिप्त हैं, उनसे सचेत रहना है। हाल ही में रोहतास में 4 और वैशाली में 3 लोग जहरीली शराब पीने से मौत के शिकार हो गए थे। आप महिलाएं, लोगों को समझाइए कि दो नंबरी धंधेबाजों से बचें, नहीं तो जहरीली शराब पिलाकर वो तुम्हें मार देगा। इसके लिए तंत्र को और सुदृढ़ किया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक मद्य निषेध पद का गठन किया गया है। हर एक गांव में बिजली के ट्रांसफार्मर वाले खंभे पर एक नंबर अंकित होगा, जिस पर अपने मोबाइल से आप सूचना दे सकेंगे। आपकी सूचना पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई होगी और आपका नाम भी गोपनीय रहेगा। निडर होकर फोन कीजिए, गड़बड़ करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। सबसे बड़ी बात जन जागृति की है। आप महिलाओं की मांग पर ही मैंने शराबबंदी को लागू किया इसलिए आप लोगों को सतर्क रहना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके साथ–साथ सामाजिक कुरीतियॉ बाल विवाह और दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान चलाया गया है। लोक संवाद के कार्यक्रम में एक महिला ने मुझसे कहा था कि शराबबंदी का असर बहुत बढ़िया है, अब दहेज प्रथा को भी बंद कीजिए। मुझे यह ठीक लगा और दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के खिलाफ सशक्त अभियान चलाने का निर्णय किया। शादी में ज्यादा दहेज देने के डर से लोग कम उम्र में ही लड़कियों की शादी कर देते हैं। बाल विवाह एवं दहेज प्रथा एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं इसीलिए एक साथ अभियान चलाने का निर्णय किया गया। इन कुरीतियों के खिलाफ पहले से कानून बना हुआ है। 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी गैरकानूनी है। लोग फिर

भी इस काम को करते हैं। बाल विवाह के गंभीर परिणाम होते हैं। इसे समाप्त करने के लिए सामाजिक अभियान निरंतर चलते रहना चाहिए। भारत सरकार के हालिया जारी अपराध के आंकड़ों में बिहार का स्थान 22वां है लेकिन दहेज हत्या एवं उत्पीड़न के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद दूसरा स्थान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हें खत्म करने के लिए आप सब एक संकल्प लीजिए कि आपका कोई कितना भी नजदीकी क्यों न हो, अगर उसने दहेज लिया है तो उसकी शादी में शामिल न हों। अगर आप शादी में नहीं जाएंगे तो वह भयभीत होगा, उसका भेद खुल जाएगा। आप मन बना लीजिए कि किसी भी सूरत–ए–हाल में दहेज वाली शादी में शामिल नहीं होंगे। आपस में बात करते रहिए और इस संकल्प के लिए पक्का मन बना लीजिए। विकास के काम किए जा रहे हैं, हर क्षेत्र में विकास हो रहा है, न्याय के साथ विकास हो रहा है। समाज सुधार हो जाएगा तो असली विकास होगा। आप सबसे ये प्रार्थना है कि इस अभियान में शामिल हों। पिछले साल 21 जनवरी को शराबबंदी एवं नशामुक्ति के खिलाफ मानव श्रृंखला बनी थी, जिसमें चार करोड़ लोग शामिल हुए थे। इस वर्ष 21 जनवरी यानी रविवार के दिन बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ मानव श्रृंखला बनेगी, आप सारण प्रमंडल के लोगों से निवेदन है कि उसमें शामिल हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान को राजनीतिक तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। यह समाज सुधार का काम है और इस कुरीति के खिलाफ स्पष्ट संदेश दीजिए। यह संदेश जाएगा और अद्भुत होगा, इसका असर भी जबरदस्त होगा। आप सब जरूर इस बनने वाली मानव श्रृंखला में शामिल होकर अपना संकल्प व्यक्त कीजिए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री का पुष्प–गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। जीविका की दीदियों ने दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के खिलाफ गीत प्रस्तुत किया। जीविका की एक दीदी ममता देवी ने समाज सुधार के इन कामों से होने वाले फायदों पर आपबीती सुनाई। मुख्यमंत्री ने जीविका की दीदियों को शराबबंदी, शौचालय निर्माण जैसे सामाजिक काम में योगदान देने के लिए प्रमाण–पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम को स्वास्थ्य मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक श्री शत्रुघ्न तिवारी, विधायक श्री मनोरंजन सिंह, विधायक श्री सी0एन0 गुप्ता, विधान पार्षद श्री वीरेंद्र नारायण यादव, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर ने भी सभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रधान सचिव नगर विकास श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा, मुख्यमंत्री के सचिव सह जिले के प्रभारी सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव ग्रामीण कार्य एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, सारण के जिलाधिकारी श्री हरिहर प्रसाद, पुलिस अधीक्षक श्री हरि किशोर राय सहित अन्य वरीय अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

******